छबिसमुद्र हरि रूप बिलोकी। एकटक रहे नयन पट रोकी।।
बिप्र जेवाँइ देहिं दिन दाना। सिव अभिषेक करहिं बिधि नाना।।

| Ram Katha 941 – मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 39 | इंदौर, बुधवार 21 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## जारी रहेगा मध्यप्रदेश में बारिश का दौर, आज 12 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, बांध के खुलेंगे गेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। आईएमडी भोपाल के मुताबिक, इन आने वाले दो दिनों में प्रदेश के 26 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इधर हो रही बारिश से प्रदेश के बड़े डैम-कोलार, बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, कलियासोत, भदभदा, केरवा का जलस्तर बढ़ रहा है। मंगलवार को हुई बारिश से भी डैम में पानी बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार लगातार बारिश होती रही तो डैम के गेट फिर से खुल जाएंगे।

### भारी बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश मौसम विभाग में आज के लिए अलर्ट जारी किया है जिसके अनुसार रतलाम, उज्जैन, इंदौर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, डिंडौरी में तेज बारिश हो सकती है। वहीं ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### यह सिस्टम कर रहा बारिश

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, मानसून ट्रफ और 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। बुधवार को भी इसी सिस्टम की वजह से बारिश होगी। 22 अगस्त को बारिश का दौर रहेगा।उन्होंने ने बताया कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी की तरफ लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। यह अगले 2 से 3 दिन में आगे बढ़ेगा। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। करीब आधे जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

### इन जिलों में हुई ज्यादा बारिश

सामान्य बारिश की बात करें तो मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सिवनी, निवाड़ी, भिंड और श्योपुर आगे निकल गए हैं। इन जिलों ने सामान्य बारिश का आंकड़ा पार कर लिया है। श्योपुर में 143 फीसदी बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश के मामले में मंडला आगे है। यहां 43 इंच पानी गिर चुका है। यहां की सामान्य बारिश 47 इंच है। सबसे ज्यादा पानी गिरने वाले टॉप-10 जिलों में मंडला, सिवनी, श्योपुर, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, रायसेन, डिंडौरी, सागर, सीधी और गुना शामिल हैं। भोपाल में 33.33 इंच पानी गिर चुका है। यह सीजन की करीब 90 प्रतीक बारिश है।

## दूसरे धर्म के छात्रों को मजहबी पाठ पढ़ाने वाले मदरसों की मदद होगी बंद

**सीएम मोहन यादव का ऐलान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि अन्य धर्मों के छात्रों को धार्मिक शिक्षा देने वाले और उन्हें उनकी धार्मिक शिक्षाओं के विपरीत इबादत करने के लिए मजबूर करने वाले मदरसों को दिया जाने वाला सरकारी अनुदान बंद किया जाएगा और ऐसे मदरसों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्रियों की बैठक के दौरान यह चेतावनी दी।

आधिकारिक विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने संविधान के अनुच्छेद-28(3) के अनुपालन में, अपने संबंधित धर्मों द्वारा निर्धारित धर्मों के अलावा अन्य धर्मों के छात्रों को धार्मिक शिक्षा देने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि ऐसे मदरसों को सरकारी अनुदान रोक दिया जाएगा, जो छात्रों को उनकी अपनी मान्यताओं के विपरीत धार्मिक प्रथाओं का अध्ययन करने या उसमें शामिल होने के लिए मजबूर करते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसे संस्थानों को कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है, जिसमें संभावित रूप से उनकी मान्यता रद्द करना भी शामिल है।

# भारत बंद का मध्यप्रदेश में मिला-जुला असर

## उज्जैन में प्रदर्शनकारियों की दुकानदार से बहस, ग्वालियर में स्कूल बंद, भोपाल-इंदौर में खुले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भारत बंद के दौरान उज्जैन में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) संगठनों के सदस्यों और एक दुकानदार के बीच झूमा-झटकी हो गई। टावर चौक इलाके में बाजार बंद कराने पहुंचे कराने पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने दुकान बंद करने की बात कही तो दुकानदार ने इनकार कर दिया। इस पर बंद समर्थक दुकान का काउंटर धकेलने लगे। दुकानदार ने आपत्ति जताई। दोनों के बीच बहस होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।**

उधर, ग्वालियर में आज कई स्कूल बंद हैं। कलेक्टर ने मंगलवार रात से ही जिले में धारा 144 के आदेश लागू कर दिए थे। भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत कई जिलों में स्कूल खुले हैं। दुकानें भी खुल रही हैं। खंडवा में बंद बेअसर दिख रहा है। यहां बाजार पूरी तरह खुल चुका है।

आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के खिलाफ बुलाए गए बंद का जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) समर्थन कर रहा है। मंगलवार देर रात समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने भी वीडियो जारी कर बंद को समर्थन देने का ऐलान किया था।

धार जिले की मनावर सीट से कांग्रेस विधायक और जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा और भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया भी बंद के समर्थन में हैं। वहीं, कांग्रेस ने इस बंद को लेकर फिलहाल स्थिति साफ नहीं की है। इधर, पुलिस-प्रशासन बंद को लेकर अलर्ट है। सड़कों पर सुबह से ही पुलिस के जवान दिख रहे हैं।

### सतना में रैली निकाली

सतना में जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) ने बंद के समर्थन में रैली निकाली। रैली में शामिल युवा लोगों से दुकानें बंद करने की अपीलें बंद करते नजर आए। रैली में शामिल SC/ST संगठनों के सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे।



### अशोकनगर में हालात संभालने ग्वालियर से बुलाई फोर्स

अशोकनगर में भारत बंद का मिला-जुला असर दिखाई दे रहा है। शहर के मुख्य चौक चौराहों पर 550 जवान तैनात किए गए हैं। शहर का आधा इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। ग्वालियर से भी फोर्स बुलाई गई है।

### सिवनी मालवा में बंद बेअसर

सिवनी मालवा में भारत बंद का असर नहीं दिख रहा है। बाजार में अधिकांश दुकानें खुली हैं। थाना प्रभारी उषा मरावी फोर्स के साथ इलाके में गश्त कर रही हैं। स्थानीय व्यापारियों ने कहा- बंद से पहले व्यापारियों को सूचना दी जाती है या अनाउंस कराया जाता है लेकिन कल न तो बंद रखने को लेकर किसी प्रकार की सूचना दी गई, न ही कोई अनाउंसमेंट कराया।

### दुकानदार और बंद समर्थकों के बीच बहस

उज्जैन में बाजार बंद कराने पहुंचे लोगों और एक दुकानदार के बीच झूमा-झटकी हो गई। टावर चौक इलाके में प्रदर्शनकारियों ने दुकान बंद करने की बात कही तो दुकानदार ने इनकार किया। बंद समर्थक दुकान का काउंटर धकेलने लगे। दुकानदार ने आपत्ति जताई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### ग्वालियर में बंद का आंशिक असर

ग्वालियर में बंद का आंशिक असर है। यहां जिस बारादरी चौराहे पर पिछले बंद के दौरान उत्पात हुआ था, फिलहाल वहां हालात सामान्य हैं। हालांकि, पुलिस भी मोर्चा संभाले हुए है। इंदरगंज सीएसपी अशोक सिंह जादौन ने फूलबाग चौराहे पर पहुंचकर पुलिस जवानों को बंद से निपटने की समझाइश दी है।

◆ वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास

# टिम्बर मार्केट और लकड़ी आधारित फर्निचर इकाइयां शहर के बाहर होंगी शिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में इंदौर शहर तथा आसपास कोयले से संचालित औद्योगिक तथा अन्य व्यावसायिक इकाइयों में प्राकृतिक गैस तथा पर्यावरणीय अनुकूल ईंधन का उपयोग सुनिश्चित कराया जायेगा। इसके लिए नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तत्संबंधी इकाइयों का सर्वे कराया जायेगा। प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का भी कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।**



यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में ली गई बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, एमपीआईडीसी की कार्यपालक निदेशक श्रीमती सपना जैन सहित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उद्योग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर शहर तथा आसपास बड़ी संख्या में कोयले तथा अन्य प्रदूषणकारी ईंधन से औद्योगिक तथा अन्य व्यावसायिक इकाइयां चल रही है। इससे शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है। बताया गया कि अगर इन इकाइयों में प्राकृतिक गैस तथा पर्यावरणीय अनुकूल ईंधन का उपयोग होने लगे तो वायु गुणवत्ता में सुधार आयेगा और प्रदूषण रूकेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि कोयले द्वारा संचालित इकाइयों का सर्वे कराया जाये और वहाँ प्राकृतिक गैस तथा पर्यावरणीय अनुकूल ईंधन का उपयोग कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का भी कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इसके बाद इंदौर शहर में लकड़ी पर आधारित फर्निचर इकाइयों और टिम्बर मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बताया गया कि टिम्बर मार्केट शहर के सघन रहवासी इलाके में चल रहा है। इससे प्रदूषण बढ रहा है और अग्नि दुर्घटना होने की आशंकाएं हमेशा बनी रहती है। नागरिकों और टिम्बर मार्केट के विक्रेताओं और यहाँ लकडी से फर्निचर बनाने वालों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सबके मद्देनजर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। चर्चा में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टिम्बर मार्केट और फर्निचर इकाइयां शहर के बाहर शिफ्ट करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बेटमा के समीप विकसित किये जा रहे फर्निचर क्लस्टर तथा अन्य वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट करने के संबंध में चर्चा की।

## विधायक मेंदोला के घर पहुंचे सीएम

**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पिता के निधन पर जताया शोक**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने इंदौर-2 से बीजेपी विधायक रमेश मेंदोला के निवास पर पहुंचकर उनके पिता चिंतामणी मेंदोला के निधन पर शोक जताया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। रविवार को विधायक रमेश मेंदोला के पिता चिंतामणि मेंदोला का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पाटनीपुरा चौराहे से हटेगी श्रमिक नेता की प्रतिमा दूसरे स्थान पर शिफ्ट की जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाटनीपुरा चौराहे पर लगी श्रमिक नेता रामसिंह भाई की प्रतिमा अब कुछ दिनों की मेहमान है। टैफिक सुधार की दृष्टि से प्रतिमा को हटाकर पूरा चौराहा विकसित किया जाएगा। रोटरी में बनी प्रतिमा को हटाने के लिए नगर निगम ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। अगले दो दिनों के भीतर श्रमिक नेता की प्रतिम उक्त चौराहे से हटा दी जाएगी। प्रतिमा को कहा शिफ्ट किया जाएगा इसको लेकर चौराहे के आसपास ही जगह ढूंढी जा रही है। श्रमिक नेताओं का कहना है की रामसिंह भाई हमारे नेता रहे है और उनकी



प्रतिमा लगाई जाएगी। श्रमिक नेता खुद चौराहे के आसपास प्रतिमा के लिए स्थान का चयन करने में लगे हुए है।

मालवा मिल चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा होते हुए भमौरी तक ट्रैफिक की बहुत बुरी हालत है। दिनभर में कई बार यातायात जाम होता है और वाहन आपस में गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। पाटनीपुरा चौराहा पर बनी रोटरी के आसपास सिग्नल लगे होने के बावजूद लोग रेड लाइट में निकल जाते और फिर ट्रैफिक जाम हो जाता है। इसके साथ ही ट्रैफिक संचालन में रोटरी भी बाधित बनती है।

पाटनीपुरा चौराहा पर ट्रैफिक सुधारने को लेकर रोटरी को हटाने की प्लानिंग निगम कर रहा है। रोटरी हटाने से पहले चौराहे पर लगी श्रमिक नेता रामसिंह भाई की प्रतिमा को हटाया जाएगा। इसके लिए चौराहे के आसपास ही साइड में जगह तलाश की जा रही है। जगह मिलते ही प्रतिमा को साइड में शिफ्ट किया जाएगा और फिर रोटरी को हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी। निगम अफसरों का कहना है कि रोटरी के हटने से ट्रैफिक में काफी हद तक सुधार आएगा। चौराहे पर लेफ्ट टर्न को भी चौड़ा किया जाएगा। इन कामों की प्लानिंग हो गई है।

## मूकबधिर बच्चों ने संभागायुक्त एवं कलेक्टर को बाँधी राखी



इंदौर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संभागायुक्त निवास पर मूकबधिर बच्चों ने संभागायुक्त दीपक सिंह और कलेक्टर आशीष सिंह को राखियां बाँधी। यह राखी मूकबधिर बच्चों ने स्वयं तैयार की थी। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें महाभारत के प्रसंग सुनाते हुए रक्षाबंधन के पौराणिक महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर उपस्थित प्रशिक्षक द्वारा इस आख्यान का सांकेतिक भाषा में प्रदर्शन किया गया। प्रजापति ब्रह्मा कुमारी संस्थान की बहनों ने भी संभागायुक्त श्री दीपक सिंह को रक्षासूत्र बांधे।

## तीन पीढ़ियों के 32 सदस्यों ने लिए तीन अभिनव संकल्प

इंदौर। श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज के हेतावल एवं अकोतिया परिवार के सदस्यों ने बैंक कालोनी स्थित अपने निवास पर रक्षाबंधन का पर्व दोनों परिवारों की तीन पीढ़ियों के 32 सदस्यों के साथ मिलकर मनाया। हेतावल परिवार के अशोक एवं दिलीप हेतावल तथा अकोतिया परिवार की श्रीमती शिखा अकोतिया ने बताया कि इस मौके पर दोनों परिवारों के सदस्यों ने अपने घर-आंगन और आसपास के उपयुक्त स्थान पर पांच-पांच पौधे प्रत्येक वषाकाल में रोपने और उनकी देखभाल करने, ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों की प्राण रक्षा के लिए दाना-पानी रखने तथा किसी भी मांगलिक या अन्य कार्यक्रम में भोजन में जूठन नहीं छोड़ने जैसे संकल्प भी लिए। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने भी दोनों परिवरों की इस पहल का स्वागत किया। समय के साथ समाज और परिवार में आने वाले बदलाव के अनुरूप त्योहार मनाने की इस शुरूआत का अनेक समाजबंधुओं ने भी स्वागत किया।

## डीएवीवी कराएगा ऑनलाइन कॉपी चेकिंग

**टीचर के चेहरे से ही होगा लॉग-इन, कॉपी चेकिंग की ऐसी होगी पूरी प्रोसेस**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन मूल्यांकन की तैयारी कर ली है। यूनिवर्सिटी ने एग्जाम कॉपी चेकिंग की पारंपरिक व्यवस्था को तकनीकी की मदद से बदलने का कदम उठाया है। इसके तहत स्टूडेंट्स की कॉपी स्कैन कर टीचर्स को कम्प्यूटर पर ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जाएगी। टीचर कॉपी चेक कर यहीं पर नंबर भी दे देंगे। जानिए क्या है पूरी प्रोसेस और इससे क्या फायदा होगा।**

चेकिंग सिस्टम को लेकर प्रेजेंटेशन देखा

ऑनलाइन कॉपी चेकिंग सिस्टम के लिए देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के द्वारा टीसीएस से सहयोग लिया जा रहा है। दोनों के बीच बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। कंपनी चेकिंग सिस्टम को लेकर प्रेजेंटेशन दे चुकी है। जिसे कुल गुरु डॉ.रेणु जैन सहित यूनिवर्सिटी के अन्य आला अधिकारियों ने देखा है। कंपनी इसके लिए एक सॉफ्टवेयर बनाएगी, जो एमपी ऑनलाइन के साथ काम करेगा।

**पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ कोर्स सिलेक्ट-** ऑनलाइन कॉपी चेकिंग सिस्टम को लेकर यूनिवर्सिटी स्टेप बाय स्टेप आगे बढ़ रही है। शुरूआत में कुछ कोर्स की कॉपी ऑनलाइन चेक करवाने का फैसला लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभी बीबीए, बीसीए, एमबीए जैसे कोर्स को शामिल किया है। इन कोर्स में सक्सेस मिलने पर अन्य कोर्स की कॉपी चेकिंग भी ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ दी जाएगी।

## जनक दीदी ने 54 पौधे लगाकर मनाया 39 वां रक्षा-बंधन

इंदौर। सन 1986 से लेकर ,पिछले 38 वर्षों की तरह 19 अगस्त 2024 को जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की निदेशक डॉ. जनक पलटा मगिलिगन (जनक दीदी) ने अपना 39 वां रक्षा-बंधन का पावन त्यौहार अपने राखी वाले भाई राजेंद्र ओचानी के साथ सनावदिया में अपने घर गिरिदर्शन के पीछे दुतनी पर्वत पर पौधारोपण कर मनाया। जनक दीदी के इस रक्षा-बंधन उत्सव को सभी की रक्षा के लिए पौधरोपण कर मनाती है।

# 24 घंटों में डेंगू के 11 मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पिछले 24 घंटों में डेंगू के 11 मरीज मिले हैं। इनमें 7 पुरुष और 4 महिलाए हैं। इनमें एक बच्ची भी है। खास बात यह कि इनमें सभी अलग-अलग क्षेत्रों के हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दौलत पटेल ने बताया कि ये क्षेत्र विजय नगर, पीपल्याहाना, गुलशन अपार्टमेंट, प्रिमियम पार्क, आरआर कैट, नवरतन बाग, रॉयलमणि पार्क, श्रीयंत्र नगर, रानी बाग, बंगाली चौराहा हैं। जिन क्षेत्रों में नए मरीज मिल रहे हैं वहां छिडकाव कर लार्वा नष्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घर परिसर और आसपास पानी इकट्?ठा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें।

### गंदे पानी के जमाव से होता है डेंगू

1. जिला मलेरिया अधिकारी पटेल बताया कि है। यह बुखार मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी है। यह स्थिति तब बनती है घरों में या आसपास एक ही स्थान पर बहुत दिनों से पानी जमा हो। जैसे कूलर, वॉश एरिया, सिंक, गमलों आदि भी कई बार पानी जमा रहता है जो डेंगू का कारक बनता है।
2. एडीज मच्छर पानी जमाव होने की स्थिति में सक्रिय हो जाते हैं। इन मच्छरों की प्रकृति यह है कि ये दिन में ही काटते हैं।
3. फिर कुछ समय बाद इसकी चपेट में आए लोगों को तेज बुखार, शरीर पर लाल चकते पडना, सिर, हाथ-पैर और बदन में तेज दर्द, भूख न लगना, उल्टी-दस्त, गले में खराश, पेट में दर्द और लीवर में सूजन आदि लक्षण दिखते हैं।
4. ऐसे में संबंधित व्यक्ति को तुरंत डॉक्टरों को दिखाना चाहिए। इसके बाद ब्लड टेस्ट में इसकी जांच होती है जिसमें पुष्टि होती है कि उसे डेंगू है या दूसरी बीमारी।

# ब्लॉक कांग्रेस देपालपुर द्वारा राजीव गांधी जी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** ब्लॉक कांग्रेस देपालपुर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव जी गांधी जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला और इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को सद्भावना की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर देपालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया ,कृपाराम सोलंकी, मांगीलाल बीसी पूर्व सरपंच , मिथलेश जोशी जिला कांग्रेस महामंत्री, प्रताप बड़वाया, सुरेश नागर जिला कांग्रेस सचिव,मंडलम अध्यक्ष संजय मकवाना, जितेंद्र बड़वाया, उपाधयक्ष सेवादल , कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राजीव यादव, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पटेल, निराला डागर पूर्व पार्षद, दिलीप खेर, पूर्व विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष रामचरण दयाल आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों को देश के प्रति समर्पित होने का दिया संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत की सोया क्रांति के सूत्रधार डॉ. दिनेश शाहरा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने पुराने विद्यालय सेंट पॉल हाई स्कूल, इंदौर में छात्रों को संबोधित किया। 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में डॉ. शाहरा के प्रेरक भाषण ने सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने अपने जीवन के सफर को भारत के विकास के साथ जोड़ते हुए छात्रों को देश के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर रेव. बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर सिबी जोसेफ (प्रिंसिपल) और विंग कमांडर आशीष जैन की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

डॉ. शाहरा ने छात्रों को अपनी समृद्ध संस्कृति को अपनाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए छात्रों के साथ मिलकर एक पौधा रोपा। उनकी संस्था दिनेश शाहरा फाउंडेशन शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. शाहरा ने इंदौर स्थित अपने सोया एग्रीफील्ड का भी दौरा किया ।

# राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह 27 एवं 28 सितंबर को इंदौर में

### संभागायुक्त ने आयोजन के संबंध में बैठक ली, दिये आवश्यक निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह एवं गीत संगीत संध्या 27 एवं 28 सितंबर को इंदौर में आयोजित होगी। इस आयोजन की व्यापक तैयारियों के संबंध में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह पूर्ण गरिमामय प्रबंधों के साथ आयोजित हो। आयोजन स्थल पर बेहतर से बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किये जाए। यह उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति




और प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। 28 सितंबर को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन होगा, जिसके लिए व्यापक प्रबंध किये जाने के निर्देश संभागायुक्त श्री सिंह ने दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम में बैठक व्यवस्था हेतु बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किये जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का विद्युत और फायर सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर यातायात एवं पार्किंग के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश संभागायुक्त श्री सिंह ने दिये। कार्यक्रम में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी म.प्र. संस्कृति परिषद के श्री जयंत भिसे एवं सहायक संचालक संस्कृति संचालनालय श्री अमित कुमार यादव ने बताया कि समारोह में संगीतकार श्री उत्तम सिंह एवं दक्षिण भारत की सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका के.एस. चित्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

# पेड़ पर फंदे से लटकते मिले दो शव

### बाणगंगा और रालामंडल इलाके की घटना, एक की हुई शिनाख्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा और तेजाजी नगर इलाके में दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह एमआर 4 स्थित लक्ष्मीबाई नगर में एक पेड़ पर शव टंगे होने की सूचन मिली। मौके पर पहुंचने पर उसकी शिनाख्त भागचंद निवासी भगतसिंह नगर के रूप में हुई है। वह अलसुबह अपने घर से निकल गया था। पुलिस हत्या के बिंदू पर भी जांच कर रही है। वहीं रालामंडल में भी मंगलवार शाम करीब 6 बजे 35 साल के युवक का शव बबूल के पेड़ पर लटका मिला। युवक की शिनाख्त नही हो पाई है। आसपास के गांव और इलाके में पुलिस ने पहचान के फोटो भेजे है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की मौत

### बाथरुम में फिसले थे, पत्नी से अलसुबह देख एडमिट कराया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की बाथरुम में फिसलने से मौत हो गई। घायल होने के बाद उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से उन्हें एमवाय रेफर किया गया। जहां मंगलवार शाम उनकी मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिलीप (36) पुत्र टिंकुश त्रिकरा निवासी स्कीम नंबर 78 अपने घर की बाथरुम में शनिवार रात करीब 2 बजे गिर गए थे। अलसुबह पत्नी रेखा ने देखा तो वह बाथरुम में पड़े थे। पत्नी रेखा ने घटना की सूचना परिवार के सदस्यों को दी। दिलीप को उपचार के लिए अरबिंदों अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां मंगलवार सुबह उन्हें होश नही होने के चलते एमवाय शिफ्ट किया गया। परिवार ने बताया कि दिलीप का वेल्डिंग का काम है। उनके परिवार में दो बेटी और पत्नी है। परिवार के लोगों ने बताया कि दिलीप के पिता टिंकुश पुलिस विभाग से रिटायर्ड थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# 7 साल के बालक पर हमला करने वाला गिरफ्तार

### क्षेत्र की अलग-अलग बस्तियों में घूम रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम की महावीर एवेन्यू कॉलोनी में साइकिल चला रहे 7 वर्षीय बालक पर ईंट से हमला करने वाले सिरफिरे आरोपी को एरोड्रम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से ही 4 दिन से क्षेत्र की अलग-अलग बस्तियों में घूम रहा था। उसे पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया तो पिता ने उसके मानसिक रोगी होने के दस्तावेज पेश किए।

इस आधार पर उसे बाणगंगा मानसिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। एरोड्रम टीआई राजेश साहू ने बताया कि आरोपी सन्नी उर्फ सचिन बारिया (32) को बिजासन इलाके की एक बस्ती के पास से लावारिस हालत में घूमते हुए पकड़ा है। आरोपी ने 15 अगस्त की शाम को दूध व्यापारी शशांक यादव के 7 साल के बाल ग्रंथ यादव पर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया था।

बाइक पार्टियां लगाकर पकड़ा

जोन-2 के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया एरोड्रम टीआई राजेश साहू के साथ 5 बाइक पार्टियां बनाकर आरोपी के फोटो के साथ उसकी पूरे इलाके में सर्चिंग करवाई। आखिरकार देर रात ढाई बजे वह बिजासन इलाके में गश्त पार्टी के हाथ लगा।

## गीता भवन में प्रवचनों की अमृत वर्षा शुरू

**इंदौर।** मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर चातुर्मास के दौरान तीसरे चरण में 20 अगस्त से 2 सितम्बर तक उज्जैन के स्वामी असंगानंद महाराज के प्रवचनों का पुण्य लाभ मिलेगा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि इसके पूर्व दो चरणों में वृंदावन की गिरिराज वाटिका के विद्वान स्वामी वृंदावन दास महाराज 21 जुलाई से 4 अगस्त तक और 5 से 19 अगस्त तक ऋषिकेश के स्वामी अखंडानंद महाराज के प्रवचनों का लाभ गीता भवन के भक्तों को मिल चुका है। अब तीसरे चरण में उज्जैन के स्वामी असंगानंद प्रतिदिन सुबह सुबह 9 से 10 एवं शाम 5.30 से 6.30 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।

# पत्नी से बात करने के शक में डॉक्टर की हत्या

## आरोपी, उसके रिश्तेदारों ने नशा मुक्ति केंद्र में बुलाकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा,(एजेंसी)। रीवा में नशा मुक्ति केंद्र में बीएचएमएस डॉक्टर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। डॉक्टर इसी केंद्र में ढाई साल से कार्यरत थे। आरोपी और उसके रिश्तेदारों को शक था कि डॉक्टर उसकी पत्नी से बात करता है। उन्होंने प्लान बनाकर डॉक्टर को केंद्र पर बुलाकर पिटाई की, इसके बाद खुद ही अस्पताल ले गए। डॉक्टर के घर पर जानकारी दी कि एक्सीडेंट हो गया है।**

घटना पद्मधर कॉलोनी में चलने वाले न्यू संकल्प नशा मुक्ति केंद्र की है। थाना प्रभारी कमलेश साहू के मुताबिक, शहर के कृष्णा नगर में रहने वाले डॉ. रुद्र सेनगुप्ता ने संजय गांधी अस्पताल में सोमवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ा। उनके साथ सोमवार दोपहर 3 बजे मारपीट की गई थी।

एसपी विवेक सिंह के मुताबिक, मामल में नशा मुक्ति केंद्र के डायरेक्टर शशांक तिवारी, प्रसून तिवारी और प्रियंका तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर नीलेश तिवारी और राजुमार तिवारी फरार हैं। प्रसून और इनके परिवार को शक था कि डॉक्टर इनकी पत्नी से गलत चीजों की बात करता था।

### परिवार पहले भी दे चुका था चेतावनी

एसपी ने बताया कि सोमवार दोपहर 3 बजे नीलेश तिवारी ने डॉ. रुद्र सेनगुप्ता को फोन किया और कहा कि जरूरी काम से बैकुंठपुर चलना है, ऑफिस आ जाओ। यहां पांचों आरोपी पहले से थे। शुरूआती जांच में सामने आया है कि प्रसून और उसका परिवार डॉ. रुद्र को पहले भी चेतावनी दे चुका था। पुलिस के मुताबिक, नशा मुक्ति केंद्र पांच साल से चल रहा है। इस केंद्र को अच्छा खासा सरकारी फंड भी मिलता है।

### पत्नी को एक्सीडेंट बताकर अस्पताल बुलाया

डॉक्टर रुद्र के साले शेषमणि ने बताया कि सोमावर रात 8.30 बजे बहन के पास फोन आया था। उनसे कहा गया कि आपके पति का एक्सीडेंट हो गया है। बहन के फोन करने पर हम लोग भी गोविंदगढ़ से संजय गांधी अस्पताल आ गए। जब यहां पहुंचे तो डेथ हो चुकी थी। शरीर पर चोट के निशान थे। हमारी मांग यही है कि हम लोगों को न्याय मिले।

# एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत

◆ नदी में नहाने समय तेज बहाव में बहे; तीन घंटे बाद मिले शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उदयपुर |गंजबासौदा| विदिशा में एक ही परिवार के तीन बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। तीनों क्योटन नदी में नहाने पहुंचे थे। तेज बहाव में बहकर करीब 50 फीट दूर गहरे पानी में चले गए। तीन घंटे चली सर्चिंग के बाद उनके शव बरामद किए गए।

घटना जिले के उदयपुर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है। बच्चों के चाचा देवेंद्र रघुवंशी ने बताया कि डूबने से उनके भतीजे ऋषि रघुवंशी पिता वीर सिंह रघुवंशी (8), उत्तम रघुवंशी पिता महेश रघुवंशी (15) और कृष्णा रघुवंशी पिता महेंद्र (14) निवासी मउली की मौत हुई है।

### गहराई का नहीं लगा सके अंदाजा

बच्चे नदी के सुनारी घाट के किनारे पर नहा रहे थे। यहां पर पानी 12-15 फीट गहरा है। उन्हें अंदाजा नहीं था कि यहां इतनी गहराई है। वे जैसे ही नहाने उतरे गहरे पानी में डूब गए। नदी के तेज बहाव में वे करीब 50 फीट तक बहते हुए गहराई में समा गए। सूचना मिलने पर गंजबासौदा एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, तहसीलदार संजीव राय सहित अन्य अफसर भी मौके पर पहुंचे।

### ग्रामीणों ने तीन घंटे की सर्चिंग

गांव के सचिन रघुवंशी ने बताया कि नदी के तेज बहाव में तीनों बच्चे बह गए। सूचना मिलने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों की तलाश शुरू की। लोगों ने पानी में उतरकर सर्चिंग की। उदयपुर पुलिस चौकी को भी सूचना दी। पुलिस ने भी एसडीआरएफ को सूचना दी। टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने तीनों बच्चों के शव बरामद कर लिए।

### इकलौते बेटे थे उत्तम और कृष्णा

ऋषि रघुवंशी की मौसी के बेटे मोनू ने बताया कि हम घर पर थे। सभी लोग भुजरिया की तैयारी कर रहे थे। गांव के एक बच्चे ने घर आकर बताया कि उत्तम, कृष्णा और ऋषि नदी में डूब गए है। वह भी इनके साथ गया था। हम फौरन मौके पर पहुंचे। तलाश शुरू की, करीब तीन घंटे बाद तीनों नदी में मिले।

तब तक देर हो चुकी थी। उत्तम रघुवंशी और कृष्णा इकलौते बेटे थे। उत्तम की तीन और कृष्णा की दो बहनें हैं। दोनों अपने घर में सबसे छोटे थे। उत्तम 9वीं में पढ़ता था। वहीं, कृष्णा कक्षा सातवीं और ऋषि तीसरी क्लास में पढ़ता था। ऋषि का एक बड़ा और छोड़ा भाई है। सीएम डॉ. माहन यादव ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने राज्य शासन की ओर से पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# राजगढ़-पचोर की महिलाएं चोरी करने आती थी उज्जैन

## जीआरपी ने 4 सदस्सीय महिला गैंग को पकड़ा, 4 मंगलसूत्र बरामद किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। जीआरपी ने राजगढ़ पचोर में रहने वाली महिला चोर गैंग को पकड़ा हैं। 4 सदस्सीय चोर गिरोह की महिलाएँ उज्जैन आकर चोरी की वारदात करके ट्रेन से फरार हो जाती थी। जीआरपी ने इनके पास से 4 मंगलसूत्र बरामद किए है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात गश्त के दौरान जीआरपी की महिला पुलिस टीम ने रतलाम बीना ट्रेन में सर्चिंग के दौरान 4 संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ की और

तलाशी लेने पर उनके पास से 4 सोने के मंगलसूत्र मिले। मंगलसूत्र के संबंध में पूछताछ करने पर महिलाएं जवाब नहीं दे पाई। इस पर चारों महिलाओं को जीआरपी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में महिलाओ ने मंगलसूत्र चोरी करने की वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने बताया कि रविवार को देवास निवासी अलका चोहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका मंगलसूत्र उज्जैन पहुँचने पर चोरी हुआ था। इस आधार पर चारों से वारदात के बारे में पूछताछ की गई। महिलाएँ राजगढ़ और पचोर की रहने वाली हैं और चोरी करने के लिए उज्जैन आती हैं। पुलिस अब महिलाओं से पूर्व में हुई चोरी के मामले में पूछताछ कर रही है। इन पर पहले से भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

# सेल्फी लेने के दौरान पुल से नीचे गिरी युवती की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा। रक्षाबंधन की शाम एक भाई से उसकी इकलौती बहन का साथ छूट गया। नदी के पुल पर सेल्फी लेने के दौरान बहन की पुल से नीचे गिरकर मौत हो गई।**

यह हादसा हरदा जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर जिले की सीमा पर बहने वाली गंजाल नदी के पुराने पुल पर हुआ। हादसे में रहटगांव थाना क्षेत्र के उसकल्ली गांव की रहने वाली 21 साल की मुस्कान की मौत हुई है। घटना शाम करीब छह बजे की है। मुस्कान के साथ में उसकी दो बुआ, उसका भाई और दो बहनों ने राखी बंधवाने से पहले पास में ही बने पुराने पुल पर सेल्फी लेने की योजना बनाई। हालांकि, स्वजनों ने उन्हें रोका और कहा कि पहले राखी बंधवा लो, फिर सेल्फी लेने जाना। मगर, सभी ने पहले घूमने जाने की जिद की। सेल्फी लेने के लिए मुस्कान सबसे पहले इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गंजाल नदी के नवनिर्मित पुल से नीचे उतरकर पुराने पुल पर उतर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसला और वह पुराने पुल से करीब दस फीट नीचे गिर गई। पुल पर पत्थर रखा था, जो उसके सिर पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल मुस्कान को स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी पहुंचे। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसने दम तोड़ दिया।

# जीजा ने साले पर हमला कर घायल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** कोट मोहल्ला में हुई चाकूबाजी की घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें आरोपी जीजा ने अपने ही साले पर चाकू से लगातार कई हमले कर घायल कर दिया। जिससे युवक के पेट,हाथ और सीने में चाकू लगे हैं। बताया गया कि तलाक होने के चलते आक्रोशित जीजा ने साले पर हमला किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोट मोहल्ला में रहने वाला इमरान आयु 30 वर्ष गोंसा दरवाजा स्थित हैदरी बेकरी में काम करता है। रोजाना की तरह सुबह करीब 10.30 बजे बेकरी के लिए घर से निकला ही था कि खंदार मोहल्ला शिप्रा गेस्ट हॉउस के सामने शाहनवाज मिला और आक्रोशित होकर ने कहा कि तूने मेरा तलाक कराया,आज में तुझे मार दूंगा। इसके बाद उसने चाकू निकाल कर 3-4 वार किए,जो पेट,सीने और हाथ पर लगे। मेरी आवाज से मेरे पिता बचाने के लिए आ गए जिसके बाद वो भाग गया। घायल को इमरान को तत्काल जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा है। इमरान ने पुलिस को बताया कि शहनवाज बहन को परेशान करता था और दो दिन पहले ही वह इमरान के पिता को भी धमकी देकर गया था। घटना का वीडियो सामने आया है जिसमें आरोपी इतना बेखौफ दिखाई दे रहा है कि वो बाहर से आए यात्रियों के सामने ही चाकूओं से हमला कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र में प्रदेश के चार बच्चों की मौत

## तालाब में नहाने के दौरान डूबे, चारों आपस में थे सगे भाई-बहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सेंधवा,(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के तालाब में डूबने से मध्य प्रदेश के चार बच्चों की मौत हो गई। चारों आपस में सगे भाई-बहन हैं। घटना सोमवार दोपहर को महाराष्ट्र के चालीस गांव ग्रामीण थाना अंतर्गत पिंपरखेड़ गांव की बताई जा रही है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र के दुगानी के रामजी फलिया निवासी आदिवासी किसान सुभान्या आर्य परिवार के साथ मजदूरी करने जलगांव जिले के पिंपरखेड गांव गया हुआ था।

सुभाष आर्य पत्नी सीमा के साथ अपने 6 बच्चों को लेकर मजदूरी करने साथ ले गया था। परिवार में पांच लड़की और एक लड़का था। सोमवार को सुभाष और उसकी पत्नी खेत में काम कर रहे थे। खेत से कुछ दूर बने तालाब में बच्चे नहाने गए थे। सुभाष आर्य बच्चों को तालाब से दूर कर खेत में मजदूरी करने के लिए चला गया था। कुछ देर बाद बच्चे फिर तालाब में नहाने



चले गए थे।

### इन चारों की हुई मौत

नहाने के दौरान चारों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। चारों बच्चों में तीन लड़की और एक लड़का था। मृतकों में 9 वर्षीय रोशनी, 7 वर्षीय शिवांजलि, 5 वर्षीय आराध्या, 3 वर्षीय आर्यन पिता सुभाष आर्य शामिल है। फिलहाल चालीसगांव ग्रामीण थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू करी है। चारों बच्चों का सोमवार देर शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। दो बच्चियां संजना (12 वर्ष) और डेढ़ वर्षीय बालिका जीवित बची है।

### फसल बोवनी के लिए आता है परिवार

ग्राम पंचायत दुगानी के सरपंच अशोक आर्य ने बताया कि पीड़ित परिवार मजदूरी के लिए अक्सर महाराष्ट्र में ही रहता था। पीड़ित परिवार की कुछ खेती भी गांव में है। परिवार फसल बोवनी के समय आते हैं। फिर मजदूरी के लिए महाराष्ट्र लौट जाते हैं।

### सरकार से आर्थिक सहायता की करेंगे मांग

ग्राम पंचायत से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने को लेकर अधिकारियों और सरकार से पत्राचार करेंगे। सरपंच अशोक आर्य ने बताया कि महाराष्ट्र के जलगांव जिला कलेक्टर से भी पत्राचार किया जाएगा। घटनास्थल महाराष्ट्र राज्य में है। पीड़ित परिवार भी वहीं मजदूरी करता था। इसलिए महाराष्ट्र शासन से भी पीड़ित परिवार को कुछ आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए।

# संपादकीय

## रेल मुसाफिरों की सुरक्षा

अब तो रेल हादसे जैसे आए दिन की बात हो गए हैं। पिछले दो महीने में शायद ही कोई हफ्ता बीता हो, जब कहीं न कहीं कोई बड़ी रेल दुर्घटना न हुई हो। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को साबरमती एक्सप्रेस के बाईस डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत है, उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। हादसा कानपुर के पास रात के करीब ढाई बजे हुआ, जब गाड़ी में ज्यादातर लोग सो रहे थे। ट्रेन चालक का कहना है कि इंजन किसी भारी चीज से टकराया, वह जब तक गाड़ी रोकता, डिब्बे पटरी से उतर चुके थे। तस्वीरों में साफ देखा जा रहा है कि इंजन के आगे जानवरों आदि से सुरक्षा के लिए लगा लोहे का हिस्सा टकरा कर टूट चुका है। समझना मुश्किल है कि इतना भारी पत्थर रेल की पटरियों पर आया कैसे। अगर कोई पहाड़ी इलाका होता, तो माना जा सकता था कि ऊपर से खिसक कर पत्थर वहां आ गया होगा। खैर, सच्चाई तो जांच के बाद पता चलेगी, पर असल सवाल जस का तस बना हुआ है कि आखिर रेल सुरक्षा को लेकर कब मुसाफिरों में भरोसा बन सकेगा। वर्षों से ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने और पटरियों को अधिक सुगम बनाने की योजना पर काम चल रहा है। वर्तमान सरकार ने कवच नामक उपकरण विकसित किया, जिसे लगाने के बाद गाड़ियों में हादसों की आशंका शून्य होने का दावा किया जाता रहा है। मगर अभी तक यह प्रणाली कुछ ही जगहों पर लग पाई है। ट्रेनों के संचालन को कंप्यूटरीकृत करने पर जोर है, बहुत सारे रास्तों पर यह काम भी करता है। मगर कई हादसों में देखा जा चुका है कि सिग्नल प्रणाली ठीक से काम न करने की वजह से गाड़ियां आपस में टकरा गईं, तो कहीं किसी गाड़ी को गलत पटरी पर रवाना कर दिया गया। एक ही पटरी पर दो विपरित दिशाओं से गाड़ियों के आने के भी उदाहरण हैं। गाड़ियों के पटरी से उतरने की वजहें छिपी नहीं हैं। यात्रियों का दबाव कम करने के मकसद से हर वर्ष कुछ नई गाड़ियां चला दी जाती हैं। त्योहारों के वक्त विशेष गाड़ियां भी चलाई जाती हैं। फिर, माल ढुलाई के लिए रेल यातायात पर दबाव लगातार बढ़ता गया है। मगर पटरियों की क्षमता का आकलन ठीक से नहीं किया जाता। देश की ज्यादातर पटरियां अपनी क्षमता से अधिक भार वहन कर रही हैं। ऐसे में दबाव पड़ने से उनमें टूटन स्वाभाविक है। पिछले वर्षों में रेलवे स्टेशनों को चमकाने पर जोर तो खूब दिया गया। इसमें निजी कंपनियों को भी शरीक किया गया। रेल भाड़े में बढ़ोतरी की गई, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट समाप्त कर दी गई। इस तरह रेलवे का मुनाफा बढ़ाने का हर प्रयास किया गया। मगर रेल सुरक्षा के मामले में स्थिति दयनीय बनी हुई है। अब भी रेलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, चोरी और लूट जैसी घटनाएं रुक नहीं पाई हैं। रेलों के समय पर न पहुंचने को तो जैसे लोगों ने सहज स्वीकार कर लिया है। मगर मुसाफिरों को जब यही भरोसा न हो कि वे जिस गाड़ी में बैठे हैं, वह सही-सलामत अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगी, तो रेलवे के लिए इससे बड़ी विफलता क्या हो सकती है। इस सबकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। विचित्र है कि तेज रफ्तार ट्रेनें चला कर दुनिया से होड़ करने का दम भरा जाता है, मगर मौजूदा गाड़ियों की सुरक्षा का कोई व्यावहारिक उपाय तलाशने की कोशिश नहीं होती।

**अर्ज किया है..!**

*साँस लेता हूँ तो*
*रोता है कोई सीने में*
*दिल धड़कता है तो*
*मातम की सदा आती है*

-फ़रहत अब्बास शाह

**OSHO कहिन**

> जीवन एक चक्रव्यूह है, जो निकल गया वो बादशाह बनेगा और जो फंस गया वो भिखारी।



**ज्ञान-विज्ञान**

### मंगल को रहने लायक बनाने की तरफ बड़ी छलांग

# बिना परमाणु बम के ही ग्रह का तापमान बढ़ाने की मिली तकनीक



मंगल ग्रह पर जीवन की संभावना खोजने में जुटे वैज्ञानिकों को अहम कामयाबी मिली है। साइंस एडवांसेज में पब्लिश रिपोर्ट में शिकागो विश्वविद्यालय, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मंगल ग्रह के वातावरण को बदलने के दृष्टिकोण का खुलासा किया है। इस नए तरीके में मंगल ग्रह के वायुमंडल में इंजीनियर्ड धूल के कणों को छोड़ा जाएगा, जो ग्रह को 50 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा गर्म कर देंगे। इससे ग्रह का तापमान इतना हो जाएगा कि यहां माइक्रोबियल जीवन संभव हो जाएगा। इस रिसर्च को मंगल को रहने योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहला कदम कहा जा रहा है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्रस्तावित तकनीक वैश्विक स्तर पर मंगल ग्रह को गर्म करने के उद्देश्य से पिछली योजनाओं की तुलना में 5,000 गुना ज्यादा बेहतर है। ये मंगल ग्रह के वातावरण को बदलने की हमारी क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को भी दर्शाता है। इससे पहले पृथ्वी से सामग्री आयात करने या दुर्लभ मंगल ग्रह के संसाधनों का खनन करने की बात तापमान बढ़ाने के लिए कही गई थी। परमाणु के इस्तेमाल की भी चर्चा होती रही है लेकिन नया दृष्टिकोण मंगल पर आसानी से उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाता है, जो इसे कहीं अधिक व्यवहार्य हो जाता है।

### 'मंगल को गर्म करना इतना भी मुश्किल नहीं'

शिकागो विश्वविद्यालय में भूभौतिकी विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर एडविन काइट का कहना है कि नई रिसर्च ये बताती है कि पानी के लिए मंगल को गर्म करना इतना भी मुश्किल नहीं है, जितनी अब तक मानी जाती थी। हालांकि इस पद्धति को लागू करने में कई दशक लगेंगे। इसके बावजूद यह अब तक प्रस्तावित अन्य योजनाओं की तुलना में तार्किक रूप से सबसे बेहतर दिखती है। मंगल ग्रह को इंसान के रहने लायक बनाने के लिए बहुत अधिक काम करने की आवश्यकता है। इसमें पहला लक्ष्य मंगल ग्रह को सूक्ष्म जीवों और खाद्य फसलों के लिए रहने योग्य बनाना है, जो धीरे-धीरे वायुमंडल में ऑक्सीजन जोड़ सकता है और पृथ्वी के भूवैज्ञानिक इतिहास को प्रतिबिंबित करता है।

मंगल ग्रह को रहने योग्य बनाने का सपना काफी पुराना है। मंगल ग्रह को रहने योग्य बनाने की किसी भी योजना में घातक यूवी किरणों और मिट्टी संबंधी कई बाधाएं हैं लेकिन सबसे बड़ी चुनौती ग्रह का तापमान है। इसका औसत तापमान -80 डिग्री फारेनहाइट है। ऐसे में इसे बहुत ज्यादा बढ़ाना होगा। नई रिसर्च में जो रणनीति है, उसमें इंजीनियर्ड धूल कणों को छोड़ना शामिल है जो मंगल के प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव को बढ़ाते हैं। ऐसे संकेत मिले हैं कि इन कणों को मंगल के वायुमंडल में लगातार 30 लीटर प्रति सेकंड की गति से छोड़ने से ग्रह 50 डिग्री फारेनहाइट से अधिक गर्म हो सकता है। ऐसे में ये तेजी से ग्रह के तापमान को बढ़ाएगा।

एक्सपर्ट का कहना है कि शुरुआती कामयाबी मिली है लेकिन अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। यह समझने की आवश्यकता है कि इंजीनियर्ड धूल मंगल के वायुमंडल से कितनी तेजी से बाहर निकलेगी और वार्मिंग प्रक्रिया मंगल ग्रह के पानी और बादलों के साथ कैसे संपर्क करेगी। इसके बावजूद यह विधि टेराफॉर्मिंग अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करती है।

Maharashtra

# 40 से अधिक गिरफ्तार, 300 एफआईआर, बदलापुर रेप कांड पर ऐक्शन में महाराष्ट्र की पुलिस

**मुंबई, (एजेंसी)** बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन जारी है। इस घटना के बाद पुलिस ने अब तक 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और 300 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गिरफ्तार किए गए लोगों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। महाराष्ट्र पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। मंगलवार को यहां उग्र आंदोलन देखने के मिला था। इसके अलावा, बदलापुर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं और दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

रेलवे पुलिस के जीआरपी के डीसीपी मनोज पाटिल ने बताया कि स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने कहा, 'स्थिति



अब सामान्य है। रेलवे की आवाजाही भी सामान्य है। कोई धारा नहीं लगाई गई है। अफवाह न फैले, इसके लिए कुछ दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।' मंगलवार को बदलापुर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों द्वारा रेलवे ट्रैक जाम करने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रैक जाम करने के कारण 12 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग बदला गया और 30 लोकल ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया। हालांकि, पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के बाद देर रात 10 घंटे तक रेल सेवा बाधित रहने के बाद फिर से शुरू हो गई। मीडिया से बात करते हुए सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त रवींद्र शिसवे ने कहा, 'ट्रैक को साफ कर दिया गया है और परिचालन शुरू करने के लिए रिपोर्ट रेलवे परिचालन को भेजी जाएगी।'

New Delhi

## OBC और SC-ST छात्र सामान्य सीट पर एडमिशन पाने के हकदार; सुप्रीम कोर्ट का आरक्षण पर बड़ा फैसला



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आरक्षण को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया। देश की सर्वोच्च अदालत ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें आरक्षण का लाभ ले रहे मेधावी छात्रों को सामान्य श्रेणी की सीट पर दाखिला नहीं देने का फरमान सुनाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के मेधावी छात्र यदि अपनी योग्यता के आधार पर सामान्य कोटे की सीटों पर दाखिला पाने के हकदार हैं तो उनको आरक्षण वाली सीटों पर दाखिला नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राम नरेश उर्फ रिंकू कुशवाहा और अन्य की ओर से दाखिल अपील स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया। पीठ ने कहा कि ओबीसी, एससी और एसटी श्रेणियों के छात्र यदि वे अपनी योग्यता के आधार पर अनारक्षित यानी सामान्य कोटे में दाखिला पाने के हकदार हैं, तो उन्हें अनारक्षित सीटों पर ही दाखिला मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सौरव यादव एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के मामले में पारित अपने पूर्व के फैसले पर भरोसा करते हुए यह फैसला दिया है।

Maharashtra

## कार में बैठे थे महिला और बच्चे, SUV ने पहले मारी टक्कर, फिर यू-टर्न लेकर रौंदा

**ठाणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार को पारिवारिक विवाद के बाद एक एसयूवी ड्राइवर ने अपनी गाड़ी से दूसरी कार को दो बार टक्कर मार दी, जिससे करीब चार लोग घायल हो गए। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक काले रंग की एसयूवी व्यस्त सड़क पर दूसरी कार को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। वीडियो में काले रंग की एसयूवी एक सफेद रंग की कार को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। इसके बाद, यह यू-टर्न लेती है और सामने से सफेद रंग की कार को टक्कर मारती है, जिससे करीब चार लोग घायल हो जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, काले रंग की एसयूवी चला रहे व्यक्ति का अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद, महिला और दंपति के बच्चे को अपने साथ ले जाने का फैसला किया। इससे नाराज होकर, व्यक्ति ने अपनी कार को दूसरी एसयूवी में टक्कर मार दी, जिसमें महिला और बच्चे बैठे थे।

Uttarpradesh

## 'हम सबने ठाना है, नियुक्ति लेकर जाना है...', आरक्षण में घोटाला बताकर लखनऊ में देर रात तक डटे रहे 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नई लिस्ट बनाने का निर्देश दिया है. कोर्ट के इस फैसले के बाद शिक्षकों को अपनी नौकरी की चिंता है. उन्हें पता ही नहीं कि उनकी नौकरी बचेगी या जाएगी. वहीं दूसरी ओर शिक्षक अभ्यर्थियों ने देर रात लखनऊ में बेसिक शिक्षा निदेशालय के बाहर टॉर्च जलाकर प्रदर्शन किया. वो सरकार से मांग कर रहे हैं कि उन्हें अभी न्याय मिलना चाहिए क्योंकि डर है कि ये भर्ती प्रक्रिया फिर से अधर में न अटक जाए. लखनऊ में बेसिक शिक्षा निदेशालय के बाहर राज्य के अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी पहुंचे हैं. वो सरकार से नियुक्ति पत्र देने की मांग कर रहे हैं. वो देर रात मोबाइल की लाइट जलाकर और बैनर-पोस्टर हाथ में पकड़कर सरकार के



खिलाफ खूब नारेबाजी कर रहे हैं. उनका कहना है कि आरक्षण में घोटाला हुआ है और अब वो बिना नियुक्ति पत्र के वहां से नही हटेंगे. सरकार उन्हें लिखित रूप से शेड्यूल जारी करे और बताए कि किस तारीख को उनकी काउंसलिंग होगी और किस तारीख को उन्हें नियुक्ति दी जाएगी.

खेल

# अश्मिता और मालविका जापान ओपन के पहले दौर में बाहर, महिला एकल में आकर्षी एकमात्र उम्मीद

**टोक्यो। भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।**




भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेगी। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है। अश्मिता, मालविका और आकर्षी, तीनों उभरता सितारा हैं और तीनों को भारत का भविष्य माना जा रहा है। अश्मिता ने पिछले साल अपना तीसरा बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था। उन्होंने मालदीव अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में महिला एकल का खिताब जीता था। इससे पहले वह टाटा ओपन इंडिया इंटरनेशनल और दुबई इंटरनेशनल का भी खिताब जीत चुकी हैं। वहीं मालविक ने 2022 में इंडियन ओपन में साइना नेहवाल को हरा दिया था।

मालविका महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। बैडमिंटन की उभरती हुई खिलाड़ी मालविका अभी मात्र 22 साल की हैं। इससे पहले वो अंडर 13 और अंडर 17 में स्टेट चैंपियन रह चुकी हैं। साल 2018 में मालविका वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटर टूर्नामेंट के लिए भारत की टीम में सेलेक्ट हुई थीं। भारतीय टीम में चयन के बाद ही उन्होंने काठमांडू में साउथ एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप मैं जीत हासिल की थी। वहीं 2019 में ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट जीता। साइना को ही वह अपना आदर्श भी मानती हैं।

सिनेमा

## अक्षय कुमार की फीस से 1 रुपये ज्यादा मांगा, मेकर्स ने इस मशहूर शेफ को शो से हटाया



क्या आप जानते हैं कि सेलेब्रिटी शेफ संजीव कपूर को मास्टरशेफ इंडिया के पहले सीजन से निकाल दिया गया था. वो इस कुकिंग रिएलिटी शो में बतौर जज शामिल होने वाले थे. लेकिन उनकी छोटी सी डिमांड की वजह से उन्हें निकाल दिया गया था. उन्होंने अक्षय कुमार से जुड़ी एक छोटी सी शर्त रख दी थी. हालांकि बाद में शेफ ने अपनी शर्तों पर शो में वापसी की.

संजीव कपूर इस बात का खुलासा खुद किया. उन्होंने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में पूरा किस्सा बताया. संजीव ने कहा कि उनकी अक्षय से कोई दुश्मनी नहीं है. पर उन्होंने मेकर्स से बस एक्टर को मिलने वाली फीस से एक रुपये ज्यादा मांग लिया था. क्योंकि संजीव का मानना था कि कुकिंग उनकी फील्ड है, इसमें तो उनका हक बनता है.

संजीव बोले- अक्षय एक प्यारे दोस्त, शानदार इंसान और बेहतरीन प्रोफेशनल आर्टिस्ट हैं. उन्होंने बताया कि जब मेकर्स ने उनसे कहा कि वे चाहते हैं कि वो अक्षय के साथ शो को को-जज करें, तो उन्होंने शो में आने के लिए अपनी शर्त के बारे में बताया. उन्होंने कहा- बहुत अच्छा, मैं बहुत खुश हूं लेकिन मेरी एक ही शर्त है. आप उन्हें जो भी फीस पे कर रहे हैं, मैं उससे 1 रुपया ज्यादा लूंगा.

## Highlights

1. 40 arrested, FIR against 300 for protesting over Badlapur incident
2. 'What was police doing, how can they run away?' SC on RG Kar hospital vandalism
3. What will likely be closed & what'll be open amid Bharat Bandh today?
4. Nangre sits in pothole, pours mudwater on self to protest in Maha
5. Continue to stand by my thoughts: Champai as he returns from Delhi
6. UP couple sees investment ad on FB, loses ₹3 crore after investing

# PM Modi congratulates RBI Governor Shaktikanta Das for receiving 'A+' global




**NEW DEIHI, (Agency).** Prime Minister Narendra Modi congratulated Reserve Bank of India (RBI) Governor Shaktikanta Das for being rated "A+" globally for the second year in a row. PM Modi said in a post on X (formerly Twitter), "Congratulations to RBI Governor Shri @ DasShaktikanta for this feat, and that too for the second time. This is a recognition of his leadership at the RBI and his work towards ensuring economic growth and stability."

The rating was awarded by Global Finance's Central Banker Report Cards 2024 which has been publishing the Central Banker Report Cards since 1994. The list ranks central bank governors of almost 100 important nations, regions, and districts which includes European Union, Eastern Caribbean Central Bank, Bank of Central African States and the Central Bank of West African States.

The scale of "A+" to "F" scale is used to grade performance in areas like managing interest rates, controlling inflation, economic growth objectives as well as maintaining currency stability.

# Orient Technologies IPO: Price band, GMP among 10 things to know as issue opens for subscription

**NEW DEIHI, (Agency).** The initial public offering (IPO) of Orient Technologies will open for subscription today (August 21). Ahead of the opening, the company's shares were trading at a premium of ₹55 in grey market which means that the stock is likely to result in strong listing gains for investors. Here are 10 things to know about Orient Technologies IPO:

1. The IPO is priced in the range of ₹195-206 apiece. The IPO closed on August 23.




2. Through the IPO, the company is planning to raise ₹215 crore- including a fresh equity sale of ₹120 crore and an offer for sale (OFS) of 46 lakh shares.

3. In the OFS, promoters Ajay Baliram Sawant, Umesh Navnital Shah, Ujwal Arvind Mhatre and Jayes Manharlal will be offloading part of their stakes.

4. The IPO reserves about 50% for qualified institutional buyers, 35% for retail investors and the remaining 15% for non-institutional investors.

5. Net proceeds from the IPO will be used by the company to fund its capital expenditure requirements, acquire office premises at Navi Mumbai and general corporate purposes, it said.

आदिवासी गांव बढ़िया में धर्म परिवर्तन का मामला...

# पैसे और नौकरी के लालच देकर बना रहे ईसाई, एक महिला समेत 7 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू तहसील में आने वाली ग्राम पंचायत मलेंडी के बढिय़ा गांव में हिन्दू से ईसाई धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। इस मामले में गांव के ही 6 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया गया है।**

ये सभी कुछ ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें लगातार रुपए, नौकरी का लालच देकर उनसे धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बना रहे थे। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी लगी तब सरपंच और स्थानीय ग्रामीणों ने फरियादी के साथ जाकर बडग़ोंदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## इनके पास पहुंचे थे धर्म परिवर्तन के लिए

जानकारी के अनुसार यह सभी लोग गांव में आकाश बारिया और आकाश वसुनिया के घर गए थे और उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कह रहे थे। साथ ही इनको रुपए और नौकरी का लालच भी दिया।

## इनको किया गिरफ्तार

आरोपियों में संगीता पति दिनेश, दीपक पिता दिनेश, बबलू पिता गणेश, गणेश पिता हृदय सिंह, पुनीत पिता समंदर सिंह, समंदर सिंह पिता मांगीलाल और जितेंद्र पिता गणेश है। यह सभी आरोपी मानपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## सभी से पूछताछ

ग्राम पंचायत मलेंडी के सरपंच राकेश जर्मा और स्थानीय लोगों का कहना था कि रुपए - पैसों की लालच देकर हिंदू आदिवासी समाज से क्रिश्चियन बनाने के प्रयास करते हुए हमने छह पुरुषों और एक महिला को पकड़ा है और पुलिस को जानकारी दी है। मामले में बडगोंदा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे अभी पूछताछ की जा रही है।

## जांच के बाद होगी कार्रवाई

मामले में एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने आज कुछ लोग धर्म परिवर्तन करने की शिकायत लेकर थाने पहुंचे थे। इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने बात कही है।

## जोर-जोर से बाइबिल पढऩे लगे

ग्राम बढिय़ा में दो लाख रुपए और नौकरी का लालच देकर ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। बडग़ोंदा पुलिस ने सात लोगों पर केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। आकाश पिता कैलाश बारिया ने पुलिस को बताया कि मानपुर से आए कुछ लोग गांव के ही अन्य लोगों के साथ सोमवार रात गांव के पुनीत के घर आए और जोर-जोर से बाइबिल पढऩे लगे। इस दौरान मैं, हरिसिंह, बलराम व मुकेश मौके पर पहुंचे तो उन्होंने हमसे कहा-पूरे परिवार के साथ धर्म परिवर्तन कर लो, हम दो लाख रुपए देंगे। परिवार के सदस्यों को नौकरी भी दिलवाएंगे। बीमारी के इलाज का खर्चा भी उठाएंगे। उन्होंने बताया, संगीता ने महिलाओं से कहा कि मंगलसूत्र उतार लो। मांग भी मत भरा करो। यह सब नहीं करोगी तो तुम्हें अभी चांदी का क्रॉस देती हूं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक